दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः– 05
अंकः– 241
मुरादाबाद
(Tuesday)
23 December 2025
पृष्ठः– 08
मूल्यः– 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

अनुपूरक बजट 2025 – 26: योगी सरकार ने चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण को दिये 423.80 करोड़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने, नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए बड़ी रकम आवंटित की। अनुपूरक बजट से सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को विस्तार मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश अनुपूरक बजट में चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण को बड़ी प्राथमिकता दी है। प्रदेश में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के विस्तार और स्वास्थ्य

सीएम योगी ने किए जनता दर्शनः अफसरों को दिया निर्देश, फरियादियों के लिए रैनबसेरे में रुकने की व्यवस्था कराएं

सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कुल 423.80 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन किया गया है। यह बजट आवंटन प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र

♦ कोडिन वालों पर बुलडोजर चले तो चिल्लाना नहीं सीएम योगी ने दिया जवाब, बोले – एक भी मौत नहीं हुई

को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।एसजीपीजीआई लखनऊ को दिये 120 करोड़- योगी सरकार ने अनुपूरक बजट में प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को वेतन अनुदान, गैर-वेतन अनुदान, व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं तथा विभिन्न मदों के लिए अतिरिक्त धनराशि दी गई है। सीतापुर स्थित नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी एंड रिसर्च को वेतन अनुदान के लिए 1.74 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है। वहीं कैंसर संस्थान लखनऊ को विभिन्न मदों के लिए 10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है। लखनऊ के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों पर भी सरकार का विशेष फोकस रहा है।संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (स्त्रक्क्त्रढ्ढ) लखनऊ को विभिन्न मदों के लिए अलग-अलग प्रस्तावों के तहत 120 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता को बजट में शामिल किया गया है। इसके अलावा, सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, लखनऊ को वेतन अनुदान के लिए 1 करोड़ रुपये दिए गए हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गोमतीनगर को भी वेतन अनुदान के लिए 20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। वहीं, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (चत्ररू)को वेतन अनुदान के लिए 25 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मेरठ, झांसी, गोरखपुर और प्रयागराज मेडिकल कॉलेज को भी आवंटित की धनराशि - योगी सरकार ने सरकार ने गंभीर और दीर्घकालिक रोगों के उपचार पर भी ध्यान दिया है। हीमोफीलिया रोग की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा के तहत औषधि और रसायनों की खरीद के लिए 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है, जिससे हजारों मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेजों को भी बड़ी धनराशि आवंटित की गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज, आजमगढ़ को व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए 50 लाख रुपये, बांदा मेडिकल कॉलेज को 2.18 करोड़ रुपये, सैफई (इटावा) स्थित रूरल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज को गैर-वेतन अनुदान के लिए 73.09 लाख रुपये दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज आगरा को 9.5 करोड़, गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कॉलेज, कानपुर को 8.75 करोड़ और मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज को 6 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आवश्यकता के तहत बजट मिला है। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज, मेरठ को 10.65 करोड़, झांसी को 3.85 करोड़, गोरखपुर को 5.07 करोड़ रुपये दिए गए हैं। कानपुर स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कॉलेज में स्थापित कार्डियोलॉजिकल इंस्टिट्यूट को व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए 5 लाख रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए स्थापित नर्सिंग कॉलेजों को भी 8.97 लाख रुपये दिए गए हैं। अन्य मेडिकल कॉलेजों में एटा को वेतन अनुदान के लिए 2 करोड़, हरदोई को गैर-वेतन अनुदान के लिए 7.5 करोड़, प्रतापगढ़ को 15 करोड़, फतेहपुर को 5.5 करोड़, सिद्धार्थनगर को 15.5 करोड़, देवरिया को 6 करोड़, गाजीपुर को 15.5 करोड़ और मीरजापुर को गैर-वेतन अनुदान के लिए 5.5 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जेके इंस्टिट्यूट ऑफ रेडियोलॉजी एंड कैंसर रिसर्च में विशेष सेवाओं पर फोकस- योगी सरकार ने नोएडा में सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षणिक संस्थान की स्थापना के लिए वेतन अनुदान के लिए 2 करोड़ रुपये तथा ग्रेटर नोएडा में चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 7 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बदायूं, फिरोजाबाद, बस्ती, अयोध्या, बहराइच और शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेजों को भी विभिन्न मदों के लिए करोड़ों रुपये की अतिरिक्त धनराशि दी गई है। -फेज-थ्री के तहत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन के लिए 45 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही जेके इंस्टिट्यूट ऑफ रेडियोलॉजी एंड कैंसर रिसर्च, कानपुर को भी विशेष सेवाओं के लिए अतिरिक्त धनराशि दी गई है। प्रदेश के कई जिलों जैसे एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर, मीरजापुर सहित अन्य जिलों में नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रतीक रूप में राज्यांश की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। संख्या में फरियादी आते हैं। 'जनता दर्शन' में शामिल होने के लिए एक दिन पहले रात में ही वे राजधानी पहुंच जाते हैं। यहां आने वाले फरियादी रैन बसेरों में रूकें, सरकार ने रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था की है। सीएम ने लखनऊ प्रशासन को निर्देश दिया कि वे समय-समय पर रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें और यह सुनिश्चित करें कि रैन बसेरों में रहने वालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय ठंड काफी पड़ रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि पहले जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान के पास पहुंचें और अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। प्रशासन स्तर पर हर समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है। सीएम ने सभी जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान को निर्देश दिया कि प्रतिदिन जनता की समस्याएं सुनें और उनका निराकरण कराएं, जिससे उन्हें ठंड के मौसम में लखनऊ न आना पड़े। जनता दर्शन' में कुछ फरियादी इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री ने उनका प्रार्थना पत्र लिया और कहा कि आप अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर दीजिए। सरकार पहले दिन से ही इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। सरकार का संकल्प है कि इलाज के अभाव में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। जमीन कब्जे की शिकायत पर सीएम सख्त – 'जनता दर्शन' में कुछ मामले जमीन कब्जे के भी आए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाते हुए इसकी जांच कराते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीद के मामलों को लेकर पहुंचे किसानों की शिकायत सुनकर सीएम ने तत्काल संबंधित प्रशासन को समाधान के लिए निर्देशित किया। सीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान ही सरकार की प्राथमिकता है।

संक्षिप्त समाचार

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा बोले- प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्री बिना नोटिस के सील की जाएंगी

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार सख्त है। प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्रीज को चेतावनी देते हुए दिल्ली के मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पहचाने गए उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई शुरू हो गई है। उन्होंने स्पष्ट किया, जिन प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों की हमने पहचान की है, उन्हें बिना किसी और नोटिस के सील कर दिया जाएगा। उन्हें पहले ही कई मौके दिए जा चुके हैं।मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि GRAP-4 के तहत सख्त उपायों से अच्छे नतीजे मिले हैं। वाहनों से होने वाले प्रदूषण की जांच के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, अब तक पिछले चार दिनों में 2,12,332 पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट (PUCC) चेक किए गए हैं, जिनमें से लगभग 10,000 गाड़ियां टेस्ट में फेल हो गई हैं।%सिरसा ने आगे कहा कि ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कुछ प्राइवेट कंपनियाँ GRAP-4 के तहत वर्क-फॉम-होम एडवाइजरी को पूरी तरह से लागू नहीं कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी, %अगर किसी ऐसी कंपनी के खिलाफ शिकायत मिलती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रेल का बढ़ा किराया तो भड़का विपक्षी खेमा, खरगे बोले- जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही सरकार

रेल टिकट के दाम बढ़ने के बाद देशभर में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज हो गई है। इसी क्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर आम जनता से लूट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बजट से पहले किराया बढ़ाकर सरकार ने लोगों पर बोझ डाला है। खरगे ने रेलवे की सुरक्षा, खाली पदों और 'कवच' योजना पर भी सवाल उठाया।रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन की टिकट के दाम को बढ़ाने का एलान किया, जिसके बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मोदी सरकार पर आम लोगों से लूट करने का आरोप लगाया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में दूसरी बार रेल किराया बढ़ाया है और यह बढ़ोतरी केंद्रीय बजट से ठीक पहले की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में खरगे ने लिखा कि मोदी सरकार के दौर में रेलवे की हालत खराब हो गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अलग रेलवे बजट खत्म होने से जवाबदेही भी खत्म हो गई है।बता दें कि रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन टिकट के दाम बढ़ाने का एलान किया। नए नियमों के मुताबिक, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा बढ़ाया गया है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी क्लास और सभी ट्रेनों की एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति बढ़ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आगे आरोप लगाया कि सरकार प्रचार में ज्यादा और काम में कम ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे की सुरक्षा लगातार बिगड़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि 2014 से 2023 के बीच रेलवे हादसों में 2.18 लाख लोगों की मौत हुई है। इतना ही नहीं खरगे ने रेल सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच साल से इसकी बातें हो रही हैं, लेकिन यह अब तक 3 प्रतिशत से भी कम रेल मार्गों और 1 प्रतिशत से कम इंजनों में ही लागू हो पाया है।इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने रेलवे में खाली पदों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 3.16 लाख पद खाली पड़े हैं। युवाओं को स्थायी नौकरी नहीं मिल रही और ठेके पर भर्ती बढ़ रही है। खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि रेलवे में प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास के लिए मिले फंड का पूरा इस्तेमाल नहीं किया गया। उनके मुताबिक, 2023-24 में सिर्फ 42 प्रतिशत और 2024-25 में दिसंबर तक 68 प्रतिशत फंड ही खर्च हुआ।

बुलंदशहर हाईवे कांड में सजाः सभी दोषियों को उम्रकैद, कोर्ट ने कहा- ऐसे राक्षसों को सभ्य समाज से दूर रखें

बुलंदशहर के नेशनल हाईवे-91 पर 28 जुलाई 2016 की रात में सामूहिक दुष्कर्म और लूटपाट के मामले के दोषियों को आज सजा सुना दी गई है। सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।बुलंदशहर के नेशनल हाईवे-91 पर 28 जुलाई 2016 की रात गाजियाबाद निवासी कार सवार परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सभी परिजनों से लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों की सजा का एलान हो चुका है। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ओपी वर्मा ने सभी दोषियों को उम्रकैद सुनाई है। मामले में पीड़ित परिवार ने दरिंदों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। वहीं सजा सुनने के बाद आरोपियों ने कहा कि हम बेकसूर हैं, निर्दोषों को सजा सुनाई गई है। सजा के एलान से पहले एडीजीसी और सीबीआई के अधिवक्ता ने बताया कि 28 जुलाई की रात नोएडा निवासी परिवार के छह सदस्य शाहजहांपुर अपने पैतृक गांव में एक तेरहवीं में शामिल होने के लिए जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के निकट अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार पर लोहे की वस्तु फेंककर रुकवा लिया था। इसके बाद आरोपियों ने कार सवार किशोरी, उसके पिता, मां, ताई, ताऊ व तहेरे भाई को बंधक बना लिया और कार समेत सड़क के दूसरी तरफ खेत में ले गए। वहां आरोपियों ने तीनों पुरुषों के हाथ पैर बांध दिए और वादी मुकदमा की 14 वर्षीय किशोरी व पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी वहां से लूटपाट कर भाग निकले थे। सीबीआई की जांच में बावरिया गिरोह के आरोपी जुबैर उर्फ सुनील उर्फ परवेज, सलीम उर्फ बीना उर्फ दीवानजी, साजिद निवासीगण गांव इटखारी बिनौरा, थाना तिरवा जनपद कन्नौज के नाम प्रकाश में आए। जांच पूरी होने पर सीबीआई ने आरोपी जुबैर, सलीम और साजिद के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। इसके कुछ समय बाद सीबीआई ने दूसरी चार्जशीट आरोपी धर्मवीर उर्फ राका उर्फ जितेंद्र, नरेश उर्फ संदीप उर्फ राहुल निवासी गांव गेशनपुर थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रुखाबाद, सुनील उर्फ सागर निवासी गांव बानवोई, आजादनगर थाना मोहम्मदाबाद के खिलाफ दाखिल की थी।न्यायालय में कुल छह आरोपी जुबैर, सलीम, साजिद, धर्मवीर, नरेश और सुनील के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई। एक आरोपी सलीम की करीब चार वर्ष पूर्व जिला कारागार बुलंदशहर में विचरण के दौरान बीमारी से मृत्यु हो गई। न्यायालय ने शनिवार को इन सभी पांच आरोपियों को दोषी करार दिया। शनिवार को सभी आरोपियों को न्यायालय से जिला कारागार बुलंदशहर भेज दिया गया था।बेचैन रहे दोषी, चेहरे पर दिखा सजा का डर

जिला जेल की बैरक संख्या 11 बी में पांचों दोषियों की रात बेचैनी में कटी।

संपादकीय Editorial

Conspiracies to 'break India'

December 16th, 1971, marked the day when 93,000 Pakistani soldiers surrendered to the Indian Army. They were forced to lay down their weapons. This marked the beginning of Bangladesh's liberation. Indian forces played a significant role in the Bangladesh Liberation War and fought to divide Pakistan. East Pakistan ultimately became Bangladesh. It was India's creation, but after Sheikh Hasina's overthrow from the Prime Ministership, our own 'children' are now challenging us. This should be intolerable. India must respond strongly, and indeed, take action. Simply summoning the ambassador to the Ministry and expressing protest will not achieve anything, as the situation has reached the point of 'break India'. Anarchist and jihadist elements in Bangladesh are issuing threats. In addition to threats to separate the seven northeastern states from India, reactivate insurgents there, and fuel tension and extremism, conspiracies are also being hatched. Now, Pakistan is calling Bangladesh its "brother" and has become the mastermind of conspiracies. Efforts are underway to bring Paresh Barua, the leader of ULFA's military wing, from China to Dhaka to destabilize the Northeast. A highly provocative and frenzied protest was held outside the Indian Embassy in Dhaka. Attempts were made to enter the embassy. Slogans were raised: "Follow the path of Babur, liberate the seven states"... "Break down those who harbor a murderer." Sheikh Hasina, who has been granted asylum by India, is being labeled a "murderer." The Bangladesh government is repeatedly urging India to hand over Sheikh Hasina. Bangladesh's Chief Advisor (indirectly Prime Minister), Muhammad Yunus, is 85 years old, but his sole aim seems to be to hang Sheikh Hasina. In this regard, a court there has even obtained a death sentence. Yunus was awarded the Nobel Prize in 2006, but at this young age, his political ambitions have emerged. National development aside, he seems determined to transform Bangladesh into a radical Islamic state! Violent protests are taking place across the country, Hindus are being murdered and threatened with eviction, Hindu temples, homes, and shops are being vandalized and set on fire. It's a climax that conspiracies to separate the northeastern states from India are now emerging. Bangladesh's fundamentalist and radical groups are calling for the "chickenneck" between Bangladesh and the northeast to be closed, so that the northeast is automatically separated from India. Bangladesh's radical, anti-India groups seem unaware that India could have widened or annexed this "chickenneck" in 1971, but India respected Bangladesh's liberation and independence. Last Thursday, a report by the Foreign Ministry's Standing Committee in Parliament stated that China is building the runway for the Bangladesh Air Force's Lalmonirhat Airbase. This area is very close to the Siliguri Corridor, known as the sensitive "Chickenneck." It appears that China is also involved in the conspiracy along with Pakistan! Three officers from Pakistan's intelligence agency, the ISI, traveled to Bangladesh on fake passports. Two naval officers also traveled to Dhaka. The "National Citizen Party" was formed in Bangladesh on February 28, 2025, thanks to the ISI. Its jihadi and agitating elements are active in the "Break India" campaign. Furthermore, clerics from the Lashkar-e-Taiba and Jaish-e-Mohammed terrorist organizations have also become active in Bangladesh, teaching jihad, especially to young people. India has 16 visa centers in Bangladesh, two of which have been closed, but the threat is even greater. The Indian government will have to take a tough decision immediately. To stop such violent incidents in the country, the government will have to take strict steps.

Meaningful Initiatives to Reform Higher Education, Time to Make Organized Efforts for Better Implementation

The Central Government has passed the "Developing India Education Foundation Bill, 2025" to reform higher education. It aims to establish a single regulatory framework in the education sector. This bill will replace several institutions such as the UGC and AICTE and will operate under the Ministry of Education. Its goal is to make higher education quality and accessible, increase coordination between institutions, and reduce red tape. Recently, the Central Government made partial changes to the Higher Education Commission of India (Abolition of University Grants Commission) Bill, 2018, paving the way for its implementation. The new bill, titled "Developing India Education Foundation Bill, 2025," has been submitted to a Joint Parliamentary Committee for consideration. This will be the sole regulatory framework for the entire higher education sector. However, medical, pharmacy, and law education will not be covered by it. Currently, several regulatory bodies operate in the higher education sector, each with its own set of standards. More than a dozen regulatory bodies, including the UGC, AICTE, NCTE, Council of Architecture, Council of Agricultural Science Research, Distance and Open Learning, Online and Digital Education System, ICSSR, ICAR, NAAC, and NIRF, are responsible for the affiliation, evaluation, accreditation, ranking, funding, and control of higher education and research institutions across the country, including those in the arts, sciences, business, engineering, education, management, and agricultural education. Under these separate regulatory bodies, higher education suffered from fragmentation and multi-layered control. Numerous higher education and research institutions across the country offer a variety of courses and conduct related research. It is noteworthy that the National Education Policy emphasizes the gradual multidisciplinary transformation of all institutions. The "steel frame" of distance and isolation between various professional and traditional institutions is being gradually dismantled. The new commission will be responsible for ensuring quality and accessibility of higher education in India. These multi-disciplinary higher education and research institutions had to approach various regulatory bodies. In this process, these institutions faced numerous problems. These regulatory bodies were often accused of irregularities and bias. These regulatory bodies were also not without fault in the development and implementation of curriculum. These autonomous regulatory bodies were also prone to internal conflicts and contradictions, causing unnecessary obstacles and hindrances for the institutions involved. Therefore, the Central Government, after evaluating the functioning of all these regulatory bodies, decided to bring them under a single, all-encompassing body. Under the new system, the Vikas Bharat Shiksha Pratisthan (Developed India Education Foundation) will operate directly under the supervision of the Ministry of Education. It will replace the UGC Act of 1956, the AICTE Act of 1987, and the NCCT Act of 1993. Such a single, centralized body was also recommended by the National Knowledge Commission (2009) and the Yashpal Committee (2010). This commission will eliminate the lack of coordination, coherence, and proactiveness among various institutions, as well as the influence of red tape, and ensure accountability, transparency, and timely action. In addition to the chairman, it will have 12 members. The commission will have three verticals: the Vikas Bharat Shiksha Niyog Parishad, Vikas Bharat Standards Parishad, and Vikas Bharat Shiksha Quality Council. These verticals will function as regulators, accreditors, and professional standards-setting. The new system also provides for fines ranging from ?10 lakh to ?2 crore for institutions that fail to comply with prescribed standards, procedures, and quality. This commission will simplify and streamline the existing system of dual and triple regulation of higher educational institutions, eliminating dual and triple interference in the management of educational institutions. The commission will regulate standards and quality in higher education in a transparent manner, through public presentation and merit-based decision-making. This commission, in addition to focusing on learning outcomes, will also be responsible for improving educational standards, evaluating the academic performance of institutions, mentoring institutions, training teachers, and promoting the use of modern educational methods and technology. This commission will provide greater flexibility and autonomy while creating a conducive environment for the regulation and operation of institutions. It will also have the power to ensure compliance with academic quality standards in higher education institutions and close down substandard and paper institutions. The formation of this integrated and all-powerful commission will also save time, manpower, resources, and money. This new initiative is very meaningful, but it must also be understood that the education system must not be considered solely the responsibility of the government, but must ensure participation and accountability of all stakeholders. Serious consideration is needed to ensure quality and transparency in the recruitment process, foresight and efficiency in governance, partial and proportionate participation in infrastructure development, and all stakeholders contributing their best to increase productivity. The responsibility-averse and rights-conscious intellectual society of higher education system neither has the moral courage to question the government nor to work for the welfare of the country and society. It has the potential to do so. It is ridiculous that some opposition and South Indian MPs have criticized the name of this institution, calling it an attempt to impose Hindi. It should be noted that this is the time to embrace positive reforms and make concerted efforts to better implement them. Otherwise, the higher education system will also follow the same path as the school education system.

Global acceptance of Indian heritage, an opportunity to introduce the world to its cultural power

Diwali has been included in the UNESCO Cultural Heritage List, a significant achievement for India. It is India's 16th intangible heritage. India's cultural traditions are vibrant and vibrant in the lives of every Indian. UNESCO has recognized Diwali as a cultural philosophy. This is an opportunity for India to expand cultural dialogue and enhance its global influence. Diwali, the festival of the triumph of light over darkness, has been included in the United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO) Cultural Heritage List. This is an achievement for India. Until now, 15 Indian heritage sites were included in the UNESCO Intangible Cultural Heritage List. These include the Kumbh Mela, Gujarat's Garba dance, Kolkata's Durga Puja, yoga, Veda recitation, Ramlila, Chhau dance, Navroz festival, and Kalbelia dance. Diwali has been added to the UNESCO List as the 16th intangible heritage. India's cultural traditions are not merely a testament to the past; they are fully alive and vibrant in the nuanced experiences of every Indian's life. Through its festivals, customs, folklore, music, dance, food, and social practices, India not only preserves its past but also keeps its soul alive. When a cultural tradition is established on the global stage, its meaning and essence transcend localism and move towards universality. UNESCO recognizes Diwali not only as a festival but also as a cultural philosophy that has been an integral part of our society since time immemorial. India's cultural system is as vast as it is complex. At every step, language, food styles, clothing, folk song tunes, festival traditions, customs, etc., emerge, taking on different forms. Yet, the unity within this diversity is what binds all these diversities together. The festival of Diwali is a prime example of this unifying thread. While the number of lamps may vary across different parts of the country, the meaning, form, and message of light remain the same. Understanding this breadth and multi-layeredness is in itself an understanding of India's cultural strength. Diwali's inclusion in the UNESCO list is not merely a cultural achievement, but a significant opportunity for India to expand cultural dialogue, enhance global influence, and instill cultural confidence in future generations. It would be better if we could utilize this opportunity for cultural enrichment, economic empowerment, and social cohesion, as in the future, foreign tourists will also be inclined to visit India during Diwali. This will enable our cultural and traditional industries and skills to establish themselves globally. Indianness exists in some form or another in every country of the world. Indians worldwide can bring Diwali the same level of global acceptance as Christmas or New Year. People of Indian origin living in different countries should contribute to establishing Diwali culture on the world stage. Indian embassies and high commissions must also take initiative in this direction. Global acceptance doesn't just mean gaining international respect. Responsibilities also increase proportionately with this acceptance. In the era of globalization, many things lose their original form in the glare of the market, making it even more essential and challenging to preserve the core elements of Diwali. This festival should become a subject of study within the deeper cultural layers of human civilization. Today, many cultural traditions in the Western world have been reduced to mere ceremonial celebrations. In contrast, folk culture in India remains alive. This vitality is what makes India culturally unique. In global politics, sovereignty is a force that connects countries through cultural appeal and moral influence. Yoga, Ayurveda, Indian cuisine, Indian cinema, Indian music, and now Diwali, have all become pillars of India's sovereignty. When a nation establishes its identity on the world stage through its cultural heritage, its global image becomes more positive and its international role more effective. Tourism, cultural industries, handicrafts, traditional arts, folk dances, and traditional cuisine all gain a global platform. Today, when civilizations are going through conflict, a cultural message that speaks of light, joy, unity, and auspiciousness can become a guiding light for humanity. This UNESCO decision entrusts India with a new responsibility: the preservation, promotion, and renaissance of its culture. Connecting the modern generation to its roots, living festivals with their true meaning, and preserving our cultural soul amidst foreign influences and commercialization should be our goal. The global recognition of Diwali reminds us that our cultural traditions are not merely religious or social practices; they also play a vital role in enriching the meaning of our lives.

तीन से अधिक बार तोड़ा ट्रैफिक नियम, 200 चालकों का डीएल निलंबित, 150 से अधिक वाहनों का चालान

परिवहन विभाग ने पिछले तीन महीनों में यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले 200 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए हैं। एक महीने में लगातार तीन से अधिक बार नियम तोड़ने वालों पर यह कार्रवाई हुई। दिसंबर माह में सबसे अधिक लाइसेंस निरस्त हुए। परिवहन विभाग ने पिछले तीन महीने में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 200 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया। इन लोगों ने एक महीने में लगातार तीन से अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट न पहनने, सिग्नल जंप करने, गलत दिशा में गाड़ी चलाने और गलत दिशा में गाड़ी चलाने पर डीएल पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। परिवहन विभाग ने एक महीने के भीतर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 80 चालकों का डीएल निलंबित किया हैपिछले तीन महीने के आंकड़े के अनुसार दिसंबर में सबसे अधिक डीएल निलंबित किए गए हैं। परिवहन विभाग के निर्देशानुसार लाल बत्ती जंप करने, ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, माल वाहक वाहनों में यात्रियों को ले जाने, ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने या शराब पीकर गाड़ी चलाने जैसे अपराधों के लिए लगातार तीन से अधिक चालान पाए जाने वाले व्यक्ति निरस्त करने का प्रावधान है।

जिले में प्रतिदिन सैकड़ों चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। एआरटीओ हरिओम ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से हर महीने ओवर लोडिंग समेत अन्य के 150 अधिक वाहनों के चालान किए जाते हैं। कई वाहन ऐसे भी मिलते हैं जिनका चालान एक महीने में चार से पांच बार रहता है। बिना परमिट के 150 से अधिक वाहनों का चालान- परिवहन विभाग के अनुसार मुरादाबाद जिले में पिछले नौ महीने में बिना परमिट के चलने वाले 150 से अधिक कॉमर्शियल वाहनों का चालान भी किया गया है। परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर करीब 200 कॉमर्शियल वाहनों का चालान किया गया।

यदि कोई भी वाहन चालक तीन से अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसका डीएल निलंबित करने का प्रावधान है। यातायात नियमों का पालन करने के लिए चालकों को जानकारी दी जाती है। -राजेश सिंह, (प्रशासन) आरटीओ

संजय सिंह बोले...प्रदेश में वोट काटने की साजिश कर रहे योगी और मोदी

रामपुर । पहाड़ी गेट स्थित आसरा कालोनी में हुई जनसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मिलकर साढ़े तीन करोड़ वोट काटने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी साजिश के खिलाफ यह पदयात्रा शुरू की गई है, क्योंकि अब यह लड़ाई केवल चुनाव की नहीं बल्कि वोट, संविधान, लोकतंत्र और स्वाभिमान को बचाने की लड़ाई है। सांसद ने कहा कि वोट की ताकत ही वह ताकत है जिसके सामने प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को झुकना पड़ता है। लेकिन जिस दिन वोट का अधिकार खत्म हो गया, उस दिन सत्ता लाठी के दम पर जनता को कुचल देगी। भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान पर हो रहे सुनियोजित हमलों के खिलाफ रविवार को रामपुर की धरती से प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला की अगुवाई में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने पदयात्रा का आगाज किया। आम आदमी पार्टी की 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ पदयात्रा आसरा कॉलोनी, पहाड़ी गेट से शुरू हुई। इससे पहले हुई जनसभा में सांसद ने कहा कि बापू ने जीवन भर अहिंसा, भाईचारे और लोकतंत्र की रक्षा का संदेश दिया और आज उसी विचारधारा को बचाने का संकल्प रामपुर की धरती से लिया गया है।

उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति से न देश बन सकता है और न समाज, इसलिए यह पदयात्रा सिर्फ एक पैदल मार्च नहीं बल्कि लोकतंत्र को बचाने की हुंकार है। 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चलने वाली यह पदयात्रा रामपुर से शुरू होकर मुरादाबाद और अमरोहा तक जाएगी। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह जनसभाएं और जनसंवाद आयोजित कर आम जनता को वोट और संविधान बचाने की लड़ाई से जोड़ा जाएगा। यह लोग रहे मौजूद = पदयात्रा में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, अध्यक्ष रूहेलखंड प्रांत मोहम्मद हैदर, अंसार अहमद, मोहम्मद जफर, सरफराज गुडडू, वकील अहमद, शावेज अंसारी, शावेज उर्फ भूरा, मुशाहिद खां गुड्डू, मोहम्मद तारिक, शारिक परवेज, मोहम्मद वकील, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, वकील हैदराबादी, नियाज अहमद, बशीर अहमद, इकबाल हुसैन, इमरान, शिराज अहमद, मुन्ने अली, सलीम अहमद, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन, इकरार अहमद, सलीम अहमद, जावेद हबीब, फायजा बी, शाहीन बी, शहनाज मलिक, मैसरा मुख्तार, नगमा बी, राशिद अली, नजम खां, फैज खां, जुबैर मियां,आमिर खां, नासिर हुसैन, शिराज जमील खां, वासिफ खां,अब्दुल समद,उवैज खां, एहतेशाम खान, तालिब खान, आशु अंसार,आरिश खां, रय्यान खां, वासिफ खां, अरहम खां, आलमगीर, ऋषि पाल, मुकेश, भीम सिंह, इंद्रमणि,महेश सैनी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विकास मंजिल में आग... तीन दुकानें जलीं, आठ गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया, शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह

मुरादाबाद में आग लगने से तीन दुकानें जल गई। भीषण आग लगने की सूचना के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने चार घंटे की कोशिश के बाद काबू पाया।मुरादाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के आबकारी भवन के नजदीक विकास मंजिल के बेसमेंट में बनी तीन दुकानों में शनिवार की देर रात अचानक भीषण आग लग गई।

धुआं उठने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई। फायर ब्रिगेड ने चार घंटे में आग पर काबू पाया।इस दौरान दुकानों में रखे लाखों के सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आबकारी भवन के नजदीक स्थित विकास मंजिल के बेसमेंट में अलग-अलग कारोबारियों की दुकानें हैं। इसमें जगदीश लाल की रस्सी और वाइपर समेत अन्य सामान की दुकान, सोनी की फाइबर एवं लोहे की शीट की दुकान के अलावा दीपक की इन्वर्टर की दुकान है।इन दुकानों में शनिवार की रात 11 बजे आग लग गई। धीरे-धीरे आग का धुआं ऊपर उठने के बाद विकास मंजिल में तैनात चौकीदार को इसकी जानकारी हुई।

चौकीदार ने तत्काल दुकानदारों को फोन पर घटना की सूचना दी। इसके बाद दुकानदारों ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को घटना से अवगत कराया।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के जवान और अधिकारी गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में कोतवाली सीओ सुनिता दहिया भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गईं। इस बीच एफएसओ ज्ञानप्रकाश शर्मा एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी मोहित शर्मा के नेतृत्व में जवानों ने आग को बुझाना शुरू किया।

चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया गया। आग बुझाने में सुबह चार बज गए। सीएफओ डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने मौके का मुआयना किया। दुकानदारों का कहना था कि आग से दुकान में रखीं रस्सियां, इन्वर्टर, प्लास्टिक के सामान सहित लाखों के सामान जलकर नष्ट हो गए। दुकानदारों ने जले हुए सामानों को किसी प्रकार हटाया।

आठ गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया, शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा वजह- सीएफओ डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि बेसमेंट से आग बुझाना कठिन था। इस कारण शीशों को तोड़कर अग्निशमन विभाग के जवानों ने आग बुझाना शुरू किया। आठ गाड़ियों की मदद से आग बुझने पर लोगों ने राहत की सांस ली। भूतल स्थित दुकान की आग बुझाने में कोई दिक्कत नहीं होती है लेकिन बेसमेंट की आग को बुझाना थोड़ा मुश्किल होता है। प्राथमिक जांच में आया है कि आग धीरे-धीरे एक दुकान के बाद तीनों दुकानों तक फैली है। आग विकराल रूप धारण कर ली। इसके बाद चौकीदार को जानकारी मिल सकी। यदि आग को काबू में नहीं किया जाता तो अन्य दुकानें भी प्रभावित हो सकती थीं।

घटना का प्राथमिक कारण शार्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है लेकिन जांच करने पर अन्य तथ्य भी सामने आ सकते हैं। इस मामले में दुकानदारों से नुकसान की सूची मांगी गई है।

अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह प्रथम दृश्य शॉट सर्किट प्रतीत हो रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। -डॉ. राजीव कुमार पांडेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

मुरादाबाद से दिल्ली का सफर महंगा, नई एसी बस का किराया 55 रुपये ज्यादा, दस नई बस की जा रही संचालित

मुरादाबाद-दिल्ली रूट पर नई एसी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। पहले किराया 310 रुपये था जिसे बढ़ाकर 365 कर दिया गया है। इस हिसाब से यात्रियों पर 55 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। नई एसी बसों के कारण पुरानी एसी बसों का संचालन फिलहाल बंद कर दिया गया है।मुरादाबाद से दिल्ली रूट पर नई एसी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। दिल्ली तक इसका किराया 365 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि पुरानी एसी बस का किराया 310 रुपये था। नई एसी बसों के चलने से परिवहन निगम ने दिल्ली रूट पर पुरानी एसी बसों का संचालन बंद कर दिया।मुरादाबाद से दिल्ली तक एसी बस का सफर करने वाले यात्रियों पर 55 रुपये का बोझ बढ़ गया, जबकि रूट व दूरी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुरानी एसी बसों के स्थान पर नई एसी बसों का संचालन किया जा रहा है। इसलिए नई एसी बसों से सफर करना यात्रियों की मजबूरी है।बसों का टिकट ऑनलाइन व ऑफलाइन उपलब्ध है। मुरादाबाद बस अड्डा इंचार्ज किरण पाल सिंह ने बताया कि दिल्ली के लिए एसी बसें सुबह 5=15 बजे से शाम 6=15 बजे तक हर एक घंटे में यात्रियों को मिलेंगी। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार टिकट ऑनलाइन व ऑफलाइन ले सकता है। दिल्ली रूट पर मुरादाबाद से कुल 10 नई एसी बसें चल रही हैं। पुरानी एसी बसों की अपेक्षा नई एसी बसों का किराया 55 रुपये अधिक है। किराया शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। दिल्ली के लिए पुरानी एसी बसों का किराया पहले भी 365 रहा है। उनका कहना है कि पुरानी एसी बसें वर्कशाप में खड़ी हैं। यह बसें फिर से संचालित की जाएंगी। इसके लिए समय निर्धारित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

मुरादाबाद: धार्मिक किताब बांटने पर मंडी क्षेत्र में मारपीट, देवी देवताओं के खिलाफ टिप्पणी, भड़के लोग

मझोला में एक धार्मिक किताब को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। हंगामा बढ़ने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। मझोला थाना क्षेत्र के मंडी क्षेत्र में भी एक धर्म गुरु के अनुयायियों द्वारा रविवार को दोपहर किताब बांटने पर विरोध और मारपीट हुई। दो युवकों ने किताब बांट रही एक महिला और किताब लेने वाले व्यक्ति को पीट दिया तो हंगामा खड़ा हो गया।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डांट फटकार कर दोनों पक्षों को शांत कराया। पहले रामगंगा विहार में भी किताब बांटने पर हंगामा हुआ था। सिविल लाइंस क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी में 14 दिसंबर को महिला सहित पांच लोग एक धार्मिक किताब बांट रहे थे।इस बीच एक व्यक्ति ने धार्मिक किताब लेने के बाद उसको कुछ देर तक अध्ययन किया। इसके बाद आरोप लगाया कि किताब में हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ टिप्पणी की गई है। कुछ देर में ही किताब को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। विरोध की वजह से किताब बांटने वाले भाग खड़े हुए।

पुलिस ने किताब बांटने वालों को हरथला पुलिस चौकी में बुलाया। सूचना के बाद बजरंगदल के पदाधिकारी पहुंच गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। दोनों पक्ष सिविल लाइंस थाने पहुंचे थे। बातचीत के बाद भी विवाद का कोई समाधान नहीं निकला। इसी प्रकार रविवार को अनुयायी किताबों को बांटने के लिए मझोला के मंडी क्षेत्र में पहुंच गए।

अनुयायी ने एक व्यक्ति को किताब दी। इस बीच दो युवक विरोध करने के लिए पहुंच गए। विवाद के दौरान दोनों युवकों ने किताब बांट रही कटघर निवासी महिला पूजा पर डंडे से वार कर दिया। इस बीच विरोध करने पर युवकों ने किताब लेने वाले व्यक्ति को भी पीट दिया।

पुलिस किताब बांटने वाले अनुयायियों को लेकर मंडी पुलिस चौकी में पहुंची। किताब वितरित करने वाले लोगों ने मामले का शिकायती पत्र पुलिस को दिया है। इस बारे में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि विवाद हुआ था। पुलिस शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

श्रद्धा भाव से निकली शोभायात्रा, गूंजा एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा

मुरादाबाद । महानगर में एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा दिव्य मंत्र के दृष्टा, ऋषि सत्पुरूष बाबा फुलसंदे वालों की शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा नगर आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो गया। शोभायात्रा से पहले बाबा फुलसंदे वाले पारकर इंटर कॉलेज रोड पहुंचे, जहां उन्होंने सभी झांकियों का अवलोकन किया। झांकियों में विराजमान देवगणों और ऋषियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद वह अपने रथ पर विराजमान हुए। उन्हें मुकुट पहनाया, चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया और आरती कर शोभायात्रा के संचालन की अनुमति मांगी गई। शोभायात्रा का आरंभ पारकर इंटर कॉलेज रोड से हुआ। सबसे आगे धर्मध्वज और राष्ट्रीय ध्वज के साथ रामऔतार गंगवार और वीर सिंह चल रहे थे। उनके बाद अखंड ज्योति प्रज्वलित थी, जिसके पास श्रद्धालु पारब्रह्म परमेश्वर के दिव्य मंत्र एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा का सुमरन करते हुए प्रसाद वितरण कर रहे थे। भारत माता, भगवान गणेश, कुमार कार्तिकेय, महर्षि वाल्मीकि, यमराज व ब्रह्मा, विष्णु और महेश की आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। सभी झांकियों के साथ सफेद वस्त्रों में माताएं, बहनें एवं पुरुष श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर चल रहे थे और सच्चे मोती की माला से दिव्य मंत्र का जाप कर रहे थे। डीजे पर मंत्र का संगीतमय जाप वातावरण को भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा के सबसे पीछे बाबा फुलसंदे वालों का रथ चल रहा था, जिस पर वे स्वयं सुमरन करते हुए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दे रहे थे। यह शोभायात्रा पारकर इंटर कॉलेज रोड से शुरू होकर रेलवे स्टेशन रोड, इंपीरियल तिराहा, बुद्ध बाजार, जीएमडी रोड, ताड़ीखाना रोड, गुरहट्टी चौराहा, जेल रोड होते हुए कंपनी बाग पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह आम लोगों, व्यापारियों एवं दुकानदारों द्वारा बाबा फुलसंदे वालों का स्वागत किया गया व जलपान की भी व्यवस्था की गई। समापन स्थल पर साध संगत एवं धर्मप्रेमियों ने आशीर्वाद एवं प्रसाद प्राप्त किया। शोभायात्रा पुलिस प्रशासन के सहयोग से पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। धर्मार्थ समिति की अध्यक्षा डॉ. रंजना सिंह और मीडिया प्रभारी सुंदर सिंह ने बताया कि सत्पुरूष बाबा फुलसंदे वालों का सत्संग 22, 23 एवं 24 दिसंबर खुशहालपुर स्थित रॉयल विला बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

पानी बना किसानों में आक्रोश का माहौल

भगनापुर, उदयपुर,अनेक गांव से गुजरने वाली सभी शारदा खंड नहरों में पानी न आने से किसान परेशान हो गए हैं सरसों, गेहूं, गन्ने की फसल लगी हुई

क्यूँ न लिखूँ सच /शेर सिंह/ बरेली के ब्लॉक बिथरी चैनपुर थाना भुता क्षेत्र के गांव रसूल,लहिया, भड़रिया, है,और उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है किसानों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है, किसानों ने इसकी सूचना अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना के जिलाध्यक्ष अजय पटेल को दी है, किसानों का कहना है कि जब पानी की जरूरत होती है तो नहर में पानी बिल्कुल नहीं आता है, जब किसानों को पानी की जरूरत नहीं होती है, तब नहरों में पानी छोड़ा जाता है,अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना के जिलाध्यक्ष को इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने इसकी शिकायत एक्स पर अधिकारियों से की है,

10 बजे के बाद छंटा कोहरा... खिली धूप, लोगों की मिली राहत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। में रविवार को दिनभर धूप खिली तो सोमवार को फिर से कोहरा छा गया। सुबह छह बजे इतना घना कोहरा था कि दृश्यता बेहद कम हो गई। इसके कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। सुबह साढ़े 10 बजे के बाद कोहरा छंटना शुरू हुआ। दोपहर में हल्की धूप खिलने से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने सप्ताहभर घना कोहरा छाने का अनुमान जताया है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। बीते पांच दिनों तक घने कोहरे और शीतलहर से ठिठुर रहे लोगों को रविवार को हल्की राहत मिली। सुबह कोहरे के साथ हुई पर नौ बजे के बाद हवा चली। कोहरा छंटा तो धूप खिली। इससे दिन का पारा चार डिग्री चढ़ा। इधर, शनिवार रात भर बर्फीली हवा से पारा लुढ़ककर 5.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सीजन की सबसे सर्द रात रही। रविवार को दिन में धूप खिलने से रात के तापमान में इजाफा है। न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा की वजह से कोहरे और शीतलहर का प्रकोप हावी है। रविवार को कोहरा छंटने से आसमान साफ हुआ और धूप निकली। इससे दिन का पारा चार डिग्री बढ़त के बावजूद सामान्य तापमान 22.7 डिग्री से पांच डिग्री कम 17.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रात का तापमान चार डिग्री लुढ़ककर सामान्य तापमान 7.3 डिग्री से दो डिग्री कम 5.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। सुबह 10 बजे से खुले स्कूल – कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए डीएम के निर्देश पर स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। बीएसए डॉ. विनीता की ओर से जारी आदेश के मुताबिक अब कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालय प्रातः 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों, सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त स्कूलों और सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। इससे पहले ठंड के कारण शनिवार तक अवकाश घोषित था। पाठ्यक्रम समय से पूरा करने और आगामी परीक्षाओं के दृष्टिगत स्कूलों को खोलने का निर्णय लिया गया है, लेकिन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समय बदल दिया गया है। सोमवार को सभी स्कूल 10 बजे से खुले। बीएसए डॉ. विनीता ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और अगले आदेशों तक प्रभावी रहेगा। सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे समय परिवर्तन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। यदि कोई विद्यालय आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गोवंश की दुर्दशा पर संगठनों ने किया प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। हिंदू संगठनों ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि वर्तमान समय गोवंश के लिए अत्यंत कष्टदायक हो गया है। जनपद की गोशालाओं में संरक्षित गोवंश को भोजन, स्वच्छ पानी, उपचार और उचित शेड जैसी बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव झेलना पड़ रहा है।संगठनों का कहना है कि पौष्टिक आहार न मिलने के कारण गोवंश कमजोर नजर आ रहे हैं, लेकिन न तो उनका समुचित उपचार कराया जाता है और न ही उनकी सही तरीके से देखरेख होती है।

भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाडियों को आर्थिक पेंशन योजना में निदेशालय को पत्र भेजा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । आत्या पात्या अर्न्तराष्ट्रीय खिलाड़ी से सभी औपचारिकतायें पूर्ण कराकर आवेदन प्रार्थना पत्र अपनी संस्तुति सहित, भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाडियों को आर्थिक पेंशन योजना के अर्न्तगत आपकी सेवा में स्वीकृति हेतु भेजा था। उसकी प्रतिलिपि उक्त खिलाड़ी को गयी थी । स्वीकृति की सूचना 3 माह बीत जाने के बाद कोई सूचना नही मिली। जब में जुलाई माह में खेल निदेशालय आपसे मिलने उक्त खिलाड़ी के साथ गया परन्तु आपके लखनऊ से बाहर होने के कारण सम्पर्क नही हो सका ! खेल निदेशालय में उक्त योजना के तहत आपके द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी बनायी गयी थी। उसमें आपके उक्त खिलाड़ी का नाम चयन कर प्रस्तावित कर दिया गया है। परन्तु आज तक प्रार्थना पत्र पैन्डिंग पड़ा है। जब की अन्य आवेदकों के प्रार्थना पत्र निस्तारित करते हुये स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उक्त खिलाडी बेरोजगार है और उसका जीविका उपार्जन का कोई सहारा नही है । आर्थिक सहायता पेंशन स्वीकृत करने की कृपा करें। जिस पर आपने मुझे आश्वासन दिया था कि मैं स्वीकृत कर दूँगा। कॉल डिटेल निकल वायी जा सकती है। अत: आपसे पुन: नम्र भूतपूर्व प्रसिद्ध खिलाड़ी अमित कुमार सिंह पुत्र दीन राजेन्द्र नगर बरेली की आर्थिक सहायता / पेंशन स्वीकृत कर न्याय करने की कृपा करें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

आधुनिक रेडिएशन थेरेपी मरीज को नहीं केवल कैंसर को बनाती है निशाना

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जब लोग रेडिएशन थेरेपी शब्द सुनते हैं, तो अक्सर उनके मन में यह धारणा होती है कि यह एक आक्रामक उपचार है, जो जितना इलाज करता है उतना ही नुकसान भी पहुंचाता है। लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। आधुनिक रेडिएशन ऑन्कोलॉजी अब उल्लेखनीय सटीकता वाला क्षेत्र बन चुका है, जिसका उद्देश्य मरीज को नहीं बल्कि केवल कैंसर को निशाना बनाना है। एडवांस्ड इमेजिंग, अत्याधुनिक योजना और नवीनतम डिलीवरी सिस्टम की मदद से आज की रेडिएशन थेरेपी को एक ऐसे शार्पशूटर से तुलना की जा सकती है, जो केवल लक्ष्य को भेदता है और आसपास के हिस्सों को काफी हद तक सुरक्षित रखता है। रेडिएशन थेरेपी उच्च-ऊर्जा किरणों या कणों का उपयोग करके कैंसर सेल्स को नष्ट या नुकसान पहुंचाती है, ताकि वे आगे बढ़ या विभाजित न हो सकें। स्वस्थ सेल्स भी प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन वे आमतौर पर कैंसर सेल्स की तुलना में जल्दी ठीक हो जाती हैं। कैंसर के प्रकार और स्टेज के आधार पर रेडिएशन अकेले या सर्जरी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड दवाओं के साथ मिलकर दी जा सकती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर, डॉ. मनीष भूषण पांडे ने बताया कि पहले रेडिएशन उपचार में चौड़ी बीम का उपयोग होता था, जिससे स्वस्थ टिशूस भी प्रभावित होते थे। लेकिन अब तकनीक ने इसे पूरी तरह बदल दिया है। आईएमआरटी (Intensity-Modulated Radiation Therapy) जैसी तकनीकें डॉक्टरों को ट्यूमर के 3-D आकार के अनुसार रेडिएशन की खुराक को ढालने की सुविधा देती हैं। इसी तरह आईजीआरटी (Image-Guided Radiation Therapy) रियल-टाइम इमेजिंग का उपयोग करती है, जिससे हर बार उपचार के दौरान बीम को सटीक रूप से निर्देशित किया जा सके। एसआरएस (Stereotactic Radiosurgery) और एसबीआरटी (Stereotactic Body Radiotherapy) जैसी तकनीकें कुछ ही सत्रों में अत्यधिक खुराक को एक बहुत छोटे क्षेत्र पर केंद्रित करती हैं।

जैसे पौधे को पानी देने में डिब्बे की बजाय ड्रॉपर का इस्तेमाल किया जाए, तो पानी ठीक वहीं पहुंचता है जहां जरूरत होती है और बाकी मिट्टी सुरक्षित रहती है। इसी तरह सटीक रेडिएशन से स्वस्थ अंग और टिशूस कम प्रभावित होते हैं, जिससे साइड इफेक्ट्स घटते हैं, रिकवरी तेज होती है और कई मामलों में ट्यूमर पर ज्यादा खुराक देकर बेहतर नियंत्रण हासिल किया जा सकता है। दिमाग और रीढ़ की हड्डी के ट्यूमर, सिर और गर्दन के कैंसर, स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, स्त्री रोग संबंधी कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, बच्चों के कैंसर, हड्डी और सॉफ्ट टिशूस के सारकोमा तथा लिम्फोमा जैसे कई प्रकार के कैंसर के उपचार में किया जाता है। रेडिएशन का उपयोग बीमारी को ठीक करने, उसे नियंत्रित करने या एडवांस्ड अवस्था में लक्षणों को कम करने के लिए किया जा सकता है।

सभी तहसील के पांच गांवों में बनेंगे लीगल एड क्लीनिक निशुल्क मिलेगी कानूनी सलाह

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले के हर तहसील क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की जाएगी। अपर जिला न्यायाधीश (एडीजे) उमा शंकर कहार के निर्देश पर जिले की तहसीलों में ग्राम पंचायतों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सदर तहसीलदार ने क्लीनिक की स्थापना के लिए संबंधित पांच ग्राम पंचायतों का चयन करके रिपोर्ट एडीजे को भेज दी है। यह कवायद ग्राम न्याय सहायता अभियान के तहत की जा रही है। लीगल एड क्लीनिक तहसील मुख्यालय से दूरस्थ ग्रामीण अंचल की ग्राम पंचायतों में स्थापित हो रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों को निशुल्क एवं विधिक सहायता और परामर्श मिल सकेगा। उन्हें विधिक अधिकारों के बारे में बताया जाएगा। शिकायतें सुनी जाएंगी। सदर तहसील के इन गांवों में बनेंगे लीगल एड क्लीनिक प्रत्येक केंद्र की स्थापना व्यवस्था जैसे फर्नीचर आदि के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पांच हजार रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत सहायक एवं सचिव पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में नामित होंगे। सदर तहसील के घंघोरा पिपरिया, कलापुर, अटा कायस्थान, बिरिया नरायनपुर और परधौली में लीगल एंड क्लीनिक बनेंगे।

रुहेलखंड चौकी निकट नवजात शिशु को थैले में रख छोड़कर भागी मां

